an>

Title: Regarding connecting border areas of Barmer and Jaisalmar with Northern and Southern India.

कर्नल सोनाराम चौधरी (बाड़मेर) : अध्यक्ष महोदया, बाड़मेर और जैसलमेर जिले में हमेशा अकाल पड़ता है। यहां रोजगार के साधन भी बहुत कम हैं। यहां की आबादी करीब 40 लाख की है। मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि पांट ट्रेनें मंडोर एक्सप्रेस, जोधपुर-दिल्ली, जोधपुर-सूर्यनगरी, जोधपुर-बांद्रा, जोधपुर-जयपुर इंटरसिटी, भगत की कोठी-दिल्ली-सुजानगढ़ और जोधपुर-हावड़ा बाड़मेर तक जानी चाहिए। दूसरी मेरी मांग है कि मेरे एरिया में साउथ के बहुत सारे लोग रहते हैं, इसलिए मेरी मांग है कि गुवाहाटी एक्सप्रेस, यशवंतपुरा एक्सप्रेस, जोधपुर-बांद्रा समदणी मौकल से जालौर वीक में एक बार जाती हैं, इनकी फ्रीक्वैंसी को बढ़ाकर हफ्ते में दो या तीन बार किया जाना चाहिए। मेरी आखिरी मांग है कि बालाणी एक्सप्रेस जो जोधपुर से आगे जैसलमेर और बाड़मेर जाती है। बालाणी एक्सप्रेस में गरीबों के लिए कोचिस की कमी है। हमारे यहां बाड़मेर स्टेशन पर बहुत सारी जगह पड़ी है। अगर वहां लोकोशेड बना दिया जाए और दूसरा निर्माण किया जाए तो उससे दो काम होंगे, एक तो जोधपुर पर जो लोड है, वह बहुत कम हो जाएगा साथ ही साथ वहां तक ट्रेनें भी जा पाएंगी।

माननीय अध्यक्ष : श्री पी.पी. चौधरी को कर्नल सोनाराम चौधरी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।